**दिनांक 26.03.2025 को अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना एवं इसके तहत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम अंतर्गत DPR से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः–

1. **श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग**
2. **श्री भगवत राम, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग**
3. **श्री उज्ज्वल कुमार सिंह, विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग**
4. **श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग**
5. **श्री समीर कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSUY**

ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत कार्यान्वित मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना एवं इसके तहत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के समीक्षोपरांत निम्नांकित निदेश दिये गये :–

## ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम

1. दिनांक–31.03.2024 तक पंचवर्षीय अनुरक्षण/Defect Liability अवधि से बाहर हुए ग्रामीण पथों जिसपर ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त की गयी, का DPR विभागीय MIS पर शत–प्रतिशत अपलोड नहीं है। विभागीय समीक्षा के क्रम में पाया गया है कि DPR परामर्शी All Civil Solutions, Civil Solutions Pvt. Ltd., High-Tech Associate Construction and Design, Namonarayan Consultants Pvt. Ltd., S S Construction and Consultancy, Shambhavi Techno Solution Private Limited एवं Subudhi Technoengineers Pvt. Ltd. को आवंटित कार्यों के प्राक्कलन पर Administrative Approval एवं Technical Sanction प्राप्त होने के उपरान्त एक भी DPR विभागीय MIS पर अपलोड नहीं है, जो अत्यंत खेदजनक है। अतः सभी DPR परामर्शी दिनांक–29.03.2025 तक शत–प्रतिशत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त पथों का DPR विभागीय MIS पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे (अपलोड किये जाने वाले DPR के अतिरिक्त Transect walk, Topography Survey, Traffic Survey एवं KML File अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा)।

Scanned with OKEN Scanner

2. दिनांक–29.03.2025 तक अद्यतन स्वीकृत पथों का शत–प्रतिशत DPR विभागीय MIS पर अपलोड नहीं होने की स्थिति में DPR परमर्शी को देय भुगतान में से 10% राशि दण्डस्वरूप कटौती की जायेगी।
3. दिनांक–31.03.2025 तक पंचवर्षीय अनुरक्षण/Defect Liability अवधि से बाहर हुए सभी ग्रामीण पथों में से अबतक अस्वीकृत पथों के प्राक्कलन तैयार किये जाने की प्रगति काफी धीमी पाई गई जो अत्यंत खेद का विषय है। सभी DPR परमर्शी को उक्त प्राक्कलन तैयार करने की दिशा में तेजी लाने हेतु निदेशित किया गया।

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु0अ0–(अ0उ0) 3054–01–240/2024 - 631 पटना/दिनांक - 29-03-2025

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख/विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी डी0पी0आर0 परामर्शी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

Scanned with OKEN Scanner